राज्यसभा - हरिवंश

हरिवंश नारायण सिंह लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हैं। वे निर्विरोध चुने गए। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री हरिवंश को बधाई देते हुए कहा कि उनका वर्षों का अनुभव आज सदन के लिए पूरी तरह से प्रमाणित हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी ने उनके नेतृत्व में सदन को अधिक प्रभावी होते देखा है।

प्रधानमंत्री सुभाषितम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नारी शक्ति एक सशक्त भारत की पहचान है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए नारी की शक्ति और योगदान का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की माताएं, बहनें और पुत्रियां आज अपने अटूट संकल्प, समर्पण और सेवा भावना से हर क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा रही हैं।

एकात्म पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में पांच दिवसीय 'एकात्म पर्व' का शुभारंभ किया। आदि गुरु शंकराचार्य की पावन स्थली पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने द्वारका पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती का सम्मान किया और एकात्म धाम की डिजिटल वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और वैदिक अनुष्ठानों में भी भाग लिया।यह पांच दिवसीय आयोजन आध्यात्म और संस्कृति के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

महिला आरक्षण विधेयक

लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े तीन अहम विधेयकों पर चर्चा जारी है। इनमें संविधान संशोधन, परिसीमन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक शामिल हैं, जिनका मकसद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। चर्चा के दौरान डीएमके

सांसद कनिमोझी ने विधेयकों का विरोध किया, जबकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इनके क्रियान्वयन को परिसीमन से जोड़ने पर चिंता जताई। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि ये विधेयक महिलाओं को उनका हक दिलाने और सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए लाए गए हैं। तीनों विधेयकों पर आज मतदान होने की संभावना है और फिलहाल सदन में चर्चा जारी है।

पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर भी उन्हें नमन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा और मूल्यों की प्रेरणा देता है, वहीं चंद्रशेखर जी का सादगी और जनसेवा से भरा जीवन आज भी मार्गदर्शन करता है। उन्होंने दोनों महान विभूतियों के विचारों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायक बताया।

महिला-टी-20 श्रृंखला

महिला क्रिकेट में, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज डर्बन में खेला जाएगा। यह मैच रात साढे नौ बजे शुरू होगा। अगला मुकाबला रविवार को डर्बन में ही होगा।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अपने तेवर और तेज कर दिए हैं। आज प्रदेश के करीब 20 जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। रतलाम, धार, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और नर्मदापुरम समेत कई जिलों में गर्म हवाओं का असर देखा जा रहा है। गुरुवार को नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं कई शहरों में पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। गर्मी को देखते हुए कुछ जिलों में स्कूलों का समय भी बदल दिया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर की तेज धूप से बचें, ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और हल्के सूती कपड़े पहनें।

समाचार संक्षेप में :-

- अमावस्या के पर्व पर चित्रकूट में देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने माँ मंदाकिनी नदी के विभिन्न घाटों पर पवित्र स्नान किया।
- छतरपुर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 से 26 मई तक प्रतिदिन तक किया जाएगा।